# विश्व कबड्डी दिवस

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में 24 मार्च को हरियाणा के **पंचकुला स्थित ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम में विश्व कबड्डी दिवस** मनाया गया।

## मुख्य बिंदु:

- **होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (HIPSA)** ने **विश्व कबड्डी** नामक संगठन के साथ मिलकर इस वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया।
- हाल ही में **विश्व स्तर पर कबड्डी को बढ़ावा देने के लिये** HIPSA और हरियाणा सरकार के बीच हस्ताक्षरित एक **समझौता ज्ञापन (MoU)** आयोजन स्थल के रूप में भारत तथा आयोजन के लिये हरियाणा को चुनने के मुख्य कारणों में से एक था।
- **हरियाणा के** राज्यपाल **बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि** थे और गिनीज़ टीम द्वारा राज्यपाल को गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।
- गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रयास '**कबड्डी प्रदर्शनी मैच में सर्वाधिक खिलाड़ियों**' के लिये था।

## विश्व कबड्डी दिवस

- यह **दिवस वर्ष 2019 से प्रत्येक वर्ष 24 मार्च** को मनाया जाता है।
- **थीम:** पुरुषों द्वारा निर्मित, महिलाओं द्वारा परिपूर्ण।
  - इस विषय को महिलाओं के बीच खेल को बढ़ावा देने के लिये और विश्व स्तर पर कबड्डी के खेल को विकसित करने के लिये **HIPSA** के साथ हाल ही में हुए समझौता ज्ञापन के अनुरूप चुना गया था।

## होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (HIPSA)

  - यह एक गैर-लाभकारी कंपनी है, जो **कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत पंजीकृत है। इसका मुख्यालय भारत में है।**
- इसका उद्देश्य उन खेलों पर विशेष ध्यान देने के साथ खेल के माध्यम से **प्रवासी भारतीय युवाओं को** भारत में बढ़ावा देना और 'एकीकृत' करना है जिन पर भारत को गर्व है।
- **क्रिकेट, कबड्डी, शतरंज, खो-खो, मल्लखंभ, कुश्ती, तीरंदाजी** कुछ ऐसे खेल हैं जिनसे हमारा देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हुआ है।
- खेल, **'योग एक अभ्यास के रूप में' और 'ज्ञान के लिये संस्कृति'** के साथ भविष्य हेतु HIPSA के दृष्टिकोण में निर्धारित समग्र उद्देश्य हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-kabaddi-day